www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, रविवार, 4 जनवरी 2026

**सुविचार**



उन सभी कारणों को भूल जाए कि कोई कार्य नहीं होगा, आपको केवल एक अच्छा कारण खोजना है कि यह कार्य सफल होगा।

\- डॉ. राबर्ट

**लखनऊ के प्रमुख समाचार**

- शहर में जाम, तीन चौकी प्रभारी लाइन हाजिर II
- अंजुमन और कनकऊआ वाला ने उकेरी... III
- फॉल्कंस बी और टेक्ट्रो पहुंचे सेमीफाइनल में IV

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# 'लखनऊ दर्शन' को निकली डबल डेकर बस




ट्रायल के मौके पर डबल डेकर बस के साथ उपस्थित लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● शहर भ्रमण कर किया गया ट्रायल

**अमृत विचार :** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार 'लखनऊ दर्शन' के लिए डबल डेकर बस सेवा डिपो से बाहर निकली और इसका ट्रायल किया गया। इस दौरान 24 लोग बस में सवार हुए और उन्होंने लखनऊ के प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया।

शनिवार को 'लखनऊ दर्शन' की इस डबल डेकर बस की शुरुआत सुबह करीब 8:30 बजे 1090 चौराहे से हुई। इसके बाद बस लॉरेटो, हजरतगंज, विधानसभा, शहीद स्मारक होते हुए रेजीडेंसी पहुंची। पूर्वाह्न 11:20 बजे पुराने रूट से होते हुए पुनः 1090 चौराहे पर ट्रायल का समापन हुआ। ट्रायल के दौरान डबल डेकर बस को देखने के लिए लोग उत्साहित नजर आए और उसके साथ तस्वीरें भी खिंचवाते दिखे। पूरे ट्रायल के दौरान एमडी आशीष कुमार लगातार समन्वय करते रहे, जिससे यात्रा सुचारु रूप से पूरी हो सकी।

पर्यटन विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि रविवार शाम 4:00 बजे 1090 चौराहे से एक बार फिर इसी रूट पर ट्रायल किया जाएगा। विभाग ने बताया कि 'लखनऊ दर्शन' के तहत शहर भ्रमण करने वाले पर्यटकों को किफायती दरों पर टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे। डबल डेकर बस सेवा की औपचारिक शुरुआत 06 जनवरी को की जाएगी।

शुरुआत के अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह 1090 चौराहे से पूर्वाह्न 10:30 बजे हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करेंगे। यह बस न केवल पर्यटकों और श्रद्धालुओं को आकर्षित करेगी, बल्कि लखनऊ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत स्थलों का भ्रमण कर एक समग्र अनुभव भी प्रदान करेगी, जिससे शहर को देश-विदेश के पर्यटकों के लिए एक नए और आकर्षक पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित किया जा सके।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देशन में प्रदेश सरकार पर्यटन को रोजगार, स्थानीय अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक पहचान से जोड़कर आगे बढ़ा रही है। इसी सोच के तहत 'लखनऊ दर्शन' की डबल डेकर बस के संचालन की पहल की गई है, ताकि शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक धरोहरें, सांस्कृतिक केंद्र और आधुनिक आकर्षण एक ही यात्रा में पर्यटकों तक पहुंच सकें।

**500 रुपये किराया तय**

- डबल डेकर ई-बस में ड्राइवर सहित 66 पर्यटक एक साथ लखनऊ दर्शन टूर कर सकेंगे। प्रति यात्री 500 रुपये व पांच से 12 वर्ष तक के बच्चों का 400 रुपये टिकट लगेगा। 31 जनवरी तक किराये में 10 फीसदी की छूट मिलेगी। वेबसाइट upstdc.co.in से आनलाइन टिकट बुक करा सकते हैं।

**सिटी ब्रीफ**

### सर्विलांस की मदद से 27 मोबाइल बरामद

**अमृत विचार, माल :** माल पुलिस ने सर्विलांस की मदद से खोए हुए 27 मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को सौंप दिए। मोबाइल वापस मिलने पर पीड़ितों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि बरामद मोबाइलों की कुल कीमत करीब सात लाख रुपये है। मोबाइलों की बरामदगी में कार्यालय के मुंशी अखिल सिंह की अहम भूमिका रही। पीड़ितों ने बताया कि मोबाइल गुम होने के कई माह बाद उन्होंने वापस मिलने की उम्मीद छोड़ दी थी। सभी ने माल पुलिस की सराहना की।

### परचून गुमटी से देशी शराब बरामद, गिरफ्तार

**अमृत विचार, माल :** परचून गुमटी की आड़ में देशी शराब बेचने वाले आरोपी को माल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि सूचना मिली थी कि आंट चौराहे पर आंट गढ़ी सौंरा निवासी पंकज अपनी गुमटी की दुकान से अवैध रूप से देशी शराब की बिक्री कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी पंकज को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 22 पैकेट देशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मानसिक किशोर को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** घर से लापता हुए मानसिक विक्षिप्त किशोर को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इंस्पेक्टर बीकेटी संजय कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम सरकपुर सरैया निवासी अजय लोधी ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनका 15 वर्षीय पुत्र संगम, जो मानसिक रूप से विक्षिप्त है, घर से लापता हो गया है। मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश चंद्र राजपूत और सहायक महिला उपनिरीक्षक सृष्टि निगम ने किशोर की तलाश एयरफोर्स रोड, चंद्रिका देवी रोड, इंदौराबाग मोड़, नवीकोट नंदना क्रॉसिंग और अस्ती रोड पर देर रात तक की, लेकिन सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह सैरपुर स्थित छठामील के पास सड़क किनारे किशोर टहलता मिला। फोटो से पहचान कर पुलिस उसे थाने लाई और मां अनीता के सुपुर्द कर दिया। परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है।

# राजधानी में कम नहीं हैं 'दूषित जलापूर्ति के ठिकाने' रहें सावधान

## सीवर लाइन के साथ पड़ी हैं वाटर लाइन, घरों में आता है गंदा और बदबूदार पानी

**दूषित जलापूर्ति अभियान चौक कालीजी वार्ड**

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** इंदौर की तरह ही प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कई इलाकों में भी दूषित जलापूर्ति हो रही है। महीनों से गंदा बदबूदार पानी नलों में आ रहा है। जिम्मेदार न चेते तो इंदौर जैसा हादसा यहां भी हो सकता है। जलकल विभाग ने शहर के कई इलाकों में सीवर लाइन के साथ ही वाटर लाइन डाल दी है। वाटर लाइन में लीकेज होने से सप्लाई के दौरान घरों में गंदा और बदबूदार पानी नलों से पहुंच रहा है। सप्लाई का दूषित पानी पीने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। शहर के कई इलाकों का यही हाल है। दूषित जलापूर्ति के कारण लोग पेयजल के लिए अब सबमर्सिबल पम्प का सहारा ले रहे हैं।

चौक कालीजी वार्ड के कई इलाकों में दूषित और गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। शनिवार को ''अमृत विचार'' की टीम ने क्षेत्र में पेयजल की स्थिति पर पड़ताल शुरू की। नाई बाड़ा, दर्जी बगिया, सोंधी टोला, चोबदारी मोहल्लों में गंदे पानी की लगातार आपूर्ति हो रही है। क्षेत्रीय निवासी मनोज शर्मा, मनीष गुरनानी, पंकज कश्यप आदि वाटर लाइन से आ रहा गंदा पानी बोतलों में दिखाने लगे।



आपूर्ति में आए दूषित पानी को दिखाते स्थानीय लोग।

**बालू अड्डा, पुरनिया में दूषित जलापूर्ति से जा चुकी है जान**

- हजरतगंज के बालू अड्डा क्षेत्र और अलीगंज के पुरनिया में दूषित जलापूर्ति से कुछ लोगों की जान भी जा चुकी है। यदि सीवर लाइन के बीच से वाटर लाइन गुजर रही है। बालू अड्डा क्षेत्र में हादसे के दौरान महापौर सहित अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण करके सीवर लाइन से वाटर लाइन अलग करने के निर्देश दिए थे। हादसे के बाद भी जलकल विभाग ने वाटर लाइन अलग नहीं की हैं।

**हर बार मिलता है बजट जाने कहां चला जाता है**

- नालों और सीवर के बीच से गुजर रहीं वाटर लाइन हटाने और जर्जर लाइनें बदलने के लिए जलकल बजट न होने का हवाला देता है। लेकिन मेंटीनेंस के नाम पर हर बार मिला बजट जाने कहां खप जाता है। निवासियों का कहना है कि वाटर लाइन में लीकेज की शिकायत के बाद भी जलकल विभाग मरम्मत नहीं कराता है। आरोप है केवल कागजों पर काम दिखाकर बजट साफ किया जा रहा है।

● नहीं चेते तो हो सकता है इंदौर जैसा हादसा

> चौक क्षेत्र में कई इलाके सरकटे नाले के दोनों ओर बसे हैं। कई जगह वाटर लाइन नाले और नालियों से होकर जाती हैं। लीकेज सही कराने के लिए जलकल महाप्रबंधक को पत्र लिखा था। अधिशासी अभियंता ने आश्वासन दिया है। उम्मीद है एक महीने में वाटर लाइन सही कराने का काम करा दिया जाएगा।
>
> -अनुराग मिश्रा अन्नू, पार्षद चौक-कालीजी वार्ड

# गोमती नदी पर बनेगा पेडेस्ट्रियन ब्रिज, शासन से मिली मंजूरी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**18** माह में पूरा होगा निर्माण, 54 करोड़ रुपये आएगी लागत

**18.90** करोड़ की पहली किश्त शासन से जारी

● एडीसीपी ऑफिस के पास बनने वाला ब्रिज रिवर फ्रंट के दोनों किनारों को जोड़ेगा

● 'मुस्कुराइए कि आप लखनऊ में हैं' थीम पर होगा 180 मीटर लंबा स्माइलिंग ब्रिज

**अमृत विचार :** गोमती नदी पर पेडेस्ट्रियल ब्रिज बनने का रास्ता साफ हो गया है। शासन ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। लगभग 54 करोड़ रुपये से इस ब्रिज के लिए शासन ने पहली किश्त के रूप में 18.90 करोड़ रुपये जारी कर दिये हैं। 18 महीने में इस ब्रिज का निर्माण पूरा हो जाएगा।

'मुस्कुराइए की आप लखनऊ में हैं' थीम पर 180 मीटर लंबा सह स्माइलिंग ब्रिज होगा, जो एडीसीपी ऑफिस के पास गोमती नदी रिवर फ्रंट के दोनों किनारों को जोड़ेगा। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अहमदाबाद के अटल ब्रिज की तर्ज पर गोमती नदी पर बनने वाले इस ब्रिज की डिजाइन बेहद खास और अनूठी है। इसके लिए आर्किटेक्ट डिजाइन कॉम्पटीशन आयोजित कराया गया था। इस प्रतियोगिता में देश भर से लगभग 25 आर्किटेक्ट संस्थाओं ने हिस्सा लेते हुए ब्रिज की ड्राइंग-डिजाइन भेजे थे।

**मुंबई के 'आरवैम्प स्टूडियो' की डिजाइन चयनित**

- ज्यूरी पैनल ने मुंबई की संस्था 'आरवैम्प स्टूडियो' की डिजाइन को चयनित किया। जिसके आधार पर पेडेस्ट्रियन ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। यहां ब्रिज बनने से गोमती नदी के दायें किनारे पर लोगों की आवाजाही बढ़ेगी और वहां विकसित क्रिकेट स्टेडियम, विवाह स्थल, किड्स प्ले एरिया, एम्फीथिएटर, फ्लोटिंग रेस्टोरेंट, वॉटर स्पोर्ट्स आदि गतिविधियों की उपयोगिता बढ़ेगी।

**12 मीटर चौड़ा होगा ब्रिज**

- उपाध्यक्ष ने बताया कि नदी पर यह ब्रिज 180 मीटर लंबा होगा। जबकि, रैम्प और प्लेटफार्म को मिलाकर इसकी कुल लंबाई 380 मीटर तक होगी। लोग आसानी से चहलकदमी कर सकें इसके लिए ब्रिज की चौड़ाई 12 मीटर रखी जाएगी। ब्रिज के स्ट्रक्चर को संभालने के लिए 13 पीयर्स बनाए जाएंगे। पुल के तल पर 30 मीटर और 40 मीटर चौड़े स्पैन प्लेट गर्डर्स दिये जाएंगे, जहां लोग खड़े होकर नदी का नजारा देख सकेंगे। इसके अलावा स्टील ट्यूबलर सेक्शन से ब्रिज के किनारों की संरचना की जाएगी।

### रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, मालः** थाना क्षेत्र के आंट गढ़ी सौंरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। घटना में दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अमर कुमार गौतम ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके भाई रामविलास गुरुवार शाम आंट चौराहे पर दवा लेने जा रहे थे, तभी अशोक मौर्य, शुभम, चंद्रावती, सनेही और रामसनेही के बेटे ने उन्हें रोक लिया। सुलह से इनकार करने पर जातिसूचक शब्द कहते हुए बांके और रॉड से हमला कर दिया, जिससे रामविलास का पैर टूट गया। वहीं, दूसरे पक्ष से चंद्रावती ने आरोप लगाया कि वह बहू ममता के साथ घर में अकेली थीं। हमले में डंडा लगने से चंद्रावती बेहोश हो गईं। हालत गंभीर होने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल से ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है।



आलमबाग क्षेत्र में आग तापते लोग। अमृत विचार

**दूसरे दिन भी नहीं निकली धूप, तापमान में हुआ सुधार**

- **अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के मौसम में अभी उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। रात में ठंड बढ़ेगी तो दिन का तापमान बढ़ेगा। राजधानी में शनिवार को भी सुबह कोहरे के साथ दिन भर बादल छाए रहे। धूप नहीं निकली लेकिन तापमान में थोड़ा सुधार हुआ। अधिकतम तापमान 16.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से करीब 3.2 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान करीब 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3.6 डिग्री अधिक रहा। शुक्रवार के मुकाबले न्यूनतम तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस का सुधार हुआ। मौसम विभाग के अनुसार रविवार को सुबह कोहरा रहेगा बाद में आसमान साफ होने का अनुमान है।

# ठंड में ठिठुरे लेसा के फीडर और ट्रांसफार्मर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● वर्टिकल व्यवस्था का नहीं दिख रहा उपभोक्ताओं पर असर

● आरडीएसएस योजना के तहत कराए गए कार्य भी बेअसर

● लेसा में 900 से बढ़कर 1400 मेगावाट तक पहुंची बिजली मांग

**अमृत विचार :** शहर में बिजली व्यवस्था सुधार के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च होने और वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बावजूद कड़ाके की ठंड में लेसा के फीडर और ट्रांसफार्मर जवाब देने लगे हैं। ठंड बढ़ने के साथ बिजली की खपत अचानक बढ़ गई है, जिससे शहरी और ग्रामीण इलाकों में फीडर व ट्रांसफार्मरों की ट्रिपिंग आम हो गई है। केबल फॉल्ट के चलते कई इलाकों में लोगों को घंटों बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है।

विभागीय कर्मचारियों के अनुसार सामान्य दिनों में बिजली की मांग करीब 900 मेगावाट रहती है, जो ठंड बढ़ने के कारण बढ़कर लगभग 1400 मेगावाट तक पहुंच गई है। ब्लोअर, हीटर, गीजर जैसे भारी बिजली उपकरणों के बड़े पैमाने पर उपयोग से खपत में अचानक उछाल आया है। इसका असर यह हुआ कि कई इलाकों में बिजली की आंख-मिचौली शुरू हो गई है। मांग को देखते हुए जनवरी माह में अघोषित कटौती की आशंका भी जताई जा रही है। लेसा के चारों जोनों के करीब 150 से अधिक 33 केवी उपकेंद्रों के माध्यम से राजधानी के 30 लाख से अधिक छोटे-बड़े उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जाती है। पिछली गर्मियों में बिजली की मांग 2200 मेगावाट तक पहुंच गई थी। इस बार दिसंबर के अंतिम सप्ताह में ठंड शीतलहर में तब्दील हो चुकी है। जानकारों के मुताबिक चारों जोनों में कुल मिलाकर 300 से 400 मेगावाट तक अतिरिक्त मांग बढ़ी है। अमौसी जोन में लगभग 60 मेगावाट, जानकीपुरम में 50 मेगावाट, सेंट्रल जोन में 80 मेगावाट और गोमतीनगर जोन में करीब 100 मेगावाट मांग बढ़ी है। लेसा अधिकारियों का कहना है कि ठंड में बिजली की मांग बढ़ना स्वाभाविक है और यह गर्मियों की तुलना में कम है। हालांकि उपभोक्ताओं का आरोप है कि आरडीएसएस योजना के तहत करोड़ों रुपये खर्च होने और वर्टिकल व्यवस्था लागू होने के बावजूद बिजली आपूर्ति में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। नई व्यवस्था के तहत 33, 11 केवी और एलटी लाइनों के लिए अलग-अलग अधिकारियों की तैनाती के बाद भी लोग घंटों बिजली गुल रहने की समस्या से जूझ रहे हैं।

> ठंड के कारण बिजली की मांग जरूर बढ़ी है। सप्लाई बाधित होने या ट्रिपिंग की शिकायत मिलने पर तुरंत समाधान कराया जा रहा है।
>
> -वीपी सिंह, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती

# छावनी क्षेत्र के यमुना सामुदायिक केंद्र में आश्रय स्थल की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

● 30 लोगों को कम्बल व फल वितरण किया गया

**अमृत विचार :** कार्यालय छावनी परिषद एवं लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट (मध्य) के सहयोग से शनिवार को यमुना सामुदायिक केंद्र नेहरू रोड कैंट में आश्रय स्थल का वीर विक्रम सिंह डीसीपी लखनऊ और अभिषेक राठौर सीईओ छावनी परिषद, प्रमोद शर्मा नामित सदस्य, छावनी परिषद ने उद्घाटन किया। आश्रय स्थल में उपस्थित लगभग 30 लोगों को कम्बल व फल वितरण किया गया।

कार्यक्रम में लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट की ओर से अभय प्रताप मल्ल एसीपी कैण्ट, गुरुप्रीत कौर थाना अध्यक्ष कैण्ट, सूर्य बली यादव एसएसआई कैण्ट, दिनेश प्रसाद उपनिरीक्षक, सोनिया सिंह महिला उपनिरीक्षक एवं छावनी परिषद की ओर से समरेन्द्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारी, मनीष कुमार स्वास्थ्य अधीक्षक, जैनेन्द्र तिवारी भण्डार रक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सराहनीय** | बाराबंकी में रेलवे ट्रैक के पास घायल मिला था किशोर, नि:शुल्क इलाज के बाद झारखंड के परिजनों से मिलवाया

# 8 साल बाद घर लौटा गुमशुदा किशोर, केजीएमयू ने पेश की मिसाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर ने एक बार फिर मानवता और चिकित्सा सेवा की मिसाल पेश की है। 22 दिसंबर को बाराबंकी में एक राहगीर को रेलवे ट्रैक के पास एक किशोर घायल और बेहोशी की हालत में मिला था, जिसे तत्काल केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया।

सीटी स्कैन में उसके मस्तिष्क में गंभीर ब्लीडिंग पाए जाने के बाद डॉक्टरों ने तुरंत ऑपरेशन किया और उसे आईसीयू में रखा गया। इलाज के दौरान होश में आने पर किशोर ने खुद को झारखंड का रहने वाला बताया। इसके बाद केजीएमयू के स्टाफ ने उसकी पहचान कर परिजनों की तलाश शुरू की। परिजनों ने बताया कि किशोर आठ साल पहले घर से गुमशुदा हो गया था। न्यूरो सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. बीके ओझा ने बताया कि होश में आने के बाद किशोर ने अपने और परिवार के कुछ सदस्यों के नाम बताए, जिसके आधार पर न्यूरो सर्जरी विभाग की टीम ने पहचान की प्रक्रिया शुरू की। पूछताछ में उसने झारखंड के चाकुलिया थाना क्षेत्र के बर्डी गांव का निवासी होना बताया।

झारखंड पुलिस के सहयोग से गांव के लोगों से संपर्क किया गया, जहां जानकारी मिली कि यह किशोर करीब आठ वर्ष पहले, 12 साल की उम्र में घर से लापता हो गया था। परिजनों ने बताया कि बच्चे की बुद्धि सामान्य से कम थी और लंबे समय से उसकी तलाश जारी थी, लेकिन धीरे-धीरे उम्मीद टूटती जा रही थी। परिजनों ने बताया कि केजीएमयू के डॉक्टरों ने बेहद नेक काम किया। उनके पास मरीज का आधार कार्ड भी था। इसके बाद परिजनों को केजीएमयू बुलाया गया और शनिवार को इलाज के बाद मरीज को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया।

**इन्होंने की मरीज की सेवा**

- मरीज की सेवा में ट्रॉमा सेंटर के न्यूरो सर्जरी विभाग की सिस्टर इंचार्ज रजनी सिंह और उनकी टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मरीज के परिजनों की तलाश करने और उन्हें बुलाने में टेक्नीशियन अतुल उपाध्याय की भूमिका भी अहम रही। अतुल उपाध्याय ने बताया कि अब तक न्यूरो सर्जरी विभाग 200 से अधिक लावारिस मरीजों की पहचान कर उन्हें उनके घर तक पहुंचाने में सफल रहा है। इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए केजीएमयू की कुलपति प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद ने घायल अवस्था में मरीज को अस्पताल लाने वाले राहगीर की प्रशंसा की और पूरी न्यूरो सर्जरी टीम को नि:शुल्क, समर्पित इलाज और मरीज को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाने के लिए बधाई दी।



मरीज के साथ परिवारीजन और केजीएमयू का स्टॉफ।

# शहर में जाम : तीन चौकी प्रभारी लाइन हाजिर

## नए वर्ष के पहले दिन जाम लगने के बाद पुलिस कमिश्नर ने की थी बैठक, दो के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नए वर्ष के पहले दिन राजधानी के प्रमुख इलाकों में जाम लग गया था। इसे देखते हुए शुक्रवार को पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने अधिकारियों की बैठक बुलाई। जाम की समस्या से सख्ती से निपटने के निर्देश दिया। साथ ही जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया। शनिवार को पश्चिमी जोन के पांच चौकी प्रभारियों को जाम के लिए दोषी पाया गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर सतखंडा, रूमी गेट और हुसैनाबाद चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया गया। वहीं रिवर बैंक कॉलोनी और पुराने हाईकोर्ट चौकी इंचार्ज के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति डीसीपी पश्चिम ने की है। साथ ही चौक ट्रैफिक इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीसीपी ट्रैफिक को पत्र लिखा है।

डीसीपी पश्चिम विश्वजीत श्रीवास्तव के मुताबिक, सतखंडा चौकी इंचार्ज सत्येंद्र प्रताप, रूमी गेट चौकी इंचार्ज कुलदीप कुशवाहा और हुसैनाबाद चौकी इंचार्ज दिलीप चौबे को लाइन हाजिर कर दिया है। रिवर बैंक कॉलोनी चौकी इंचार्ज रणविजय सिंह और पुराने हाईकोर्ट चौकी इंचार्ज विनोद सिंह के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की संस्तुति की गई है। इसके अलावा चौक ट्रैफिक इंस्पेक्टर जमानत अब्बास के खिलाफ कार्रवाई के लिए डीसीपी ट्रैफिक को रिपोर्ट भेजी गई है। इन सभी ने अपने-अपने क्षेत्रों में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ समय रहते कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते नए वर्ष के पहले दिन प्रमुख मार्गों पर यातायात व्यवस्था चरमरा गई और लोगों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ा।

**पुलिस कमिश्नर ने की थी समीक्षा :** पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र कुमार सेंगर ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक की, जिसमें यातायात दबाव और ट्रैफिक प्रबंधन की विस्तृत रिपोर्ट ली थी। समीक्षा में सामने आया कि नववर्ष के पहले दिन लोगों ने होटल, माल और पर्यटन स्थलों के बजाय धार्मिक स्थलों का रुख अधिक किया। हनुमान सेतु, खाटू श्याम मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर और हनुमंत धाम में लगभग पांच लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे, जिनका आवागमन करीब एक लाख वाहनों से हुआ। इसके अलावा कतकी मेला और उत्तरायणी मेला के कारण परिवर्तन चौक और नदवा बंधा मोड़ पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहा। क्षेत्र पहले से ही घनी आबादी वाला और संकरी सड़कों वाला है। जहां सामान्य दिनों में भी जाम की स्थिति बनी रहती है। दोपहर बाद वाहनों और श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने से दबाव जरूर बना, लेकिन पुलिस के अनुसार यातायात को पूरी तरह ठप नहीं होने दिया गया।

- चौक ट्रैफिक इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई को भेजी गई रिपोर्ट

### बिना लाइसेंस वेंडर बने कारण

पुराने लखनऊ में जाम के कारण का पता लगाया गया तो सामने आया कि अवैध वेंडर ने फुटपाथ पर दुकानें सजा रखी थीं। यहां पर लोग रुक-रुक कर खा-पी रहे थे। इसके कारण धीरे-धीरे भयानक ट्रैफिक जाम लग गया। जांच में सामने आया कि यह लोग चौकी इंचार्जों के सहयोग से दुकान लगाते थे। ऐसे में जांच की जा रही है कि वसूली में कौन-कौन शामिल था। उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।



इन दिनों शहर ट्रैफिक जाम की समस्या से जूझ रहा है, शनिवार को कैसरबाग चौराहे पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### गैंगस्टर का आरोपी घर से गिरफ्तार

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** गोसाईंगंज पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी आयुष शाक्य को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ लूट व छिनैती की कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने शुक्रवार देर रात उसके घर से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, पीजीआई में लगातार हो रही लूट व छिनैती की घटनाओं के बाद 9 सितंबर 2025 को एक संगठित गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस गिरोह का सरगना सुमित चौहान और सदस्य विकास उर्फ कुल्हड़ पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं। जबकि आयुष शाक्य फरार चल रहा था। उसके खिलाफ पीजीआई और आलमबाग में कई मामले दर्ज हैं।

### छींटाकशी के विरोध में दंपति व देवर को पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकासनगर इलाके में छींटाकशी का विरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि पिता-पुत्र ने करीब आठ से दस साथियों के साथ मिलकर पहले महिला से गाली-गलौज की और फिर उसके पति व देवर के साथ बेरहमी से मारपीट की। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल कराने के बाद पीड़िता की तहरीर पर विकासनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। सेक्टर-सी निवासी 28 वर्षीय महिला के अनुसार 1 जनवरी की रात करीब दस बजे वह जन्मदिन के लिए गिफ्ट लेने जा रही थी। पीड़िता ने घटना की शिकायत विकासनगर पुलिस से की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर प्रियांशु, उसके पिता और आठ-दस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी आलोक सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर से डिलीवरी ब्वॉय घायल

**अमृत विचार, आशियाना :** थाना क्षेत्र में बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार डिलीवरी ब्वॉय गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। रायबरेली निवासी रामनरेश ने बताया कि बेटा विजय कुमार शारदा नगर इलाके में रहकर ब्लिंकिट में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता है। 1 जनवरी की रात करीब 12 :30 बजे विजय ऑर्डर डिलीवरी के लिए बाइक से जा रहा था। इसी दौरान स्मृति प्लाजा के पास पीछे से बेकाबू कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को अस्पताल पहुंचाया गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक पर हमला, बचाने पर बहन को भी पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई इलाके में रंजिश को लेकर एक युवक पर पड़ोसी ने हमला कर दिया। चीख सुनकर बहन बचाने पहुंची तो आरोपी व उसके परिवारवालों ने उसकी भी पिटाई कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तेलीबाग के राजीव नगर घोसियाना निवासी सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि शनिवार को पड़ोस में रहने वाले राजू से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद उसने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोप है कि जब उसकी बहन बचाने पहुंची तो राजू व उसके परिवार वालों ने उसपर भी बेहरमी से पीटा। जिससे बहन भी घायल हो गई। घटना को लेकर पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मकान कब्जाने वालों की तलाश में तीन जिलों में दबिश

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरानगर-ए ब्लाक में मेजर के मकान के जाली दस्तावेजों के आधार पर वसीयत कराने वाले पांच जालसाजों को गाजीपुर पुलिस ने और चिह्नित कर लिया है। इन जालसाजों में प्रापर्टी डीलर समेत अन्य लोग हैं। उनकी तलाश में तीन जिलों में दबिश दी जा रही है। इसमे से तीन चंदौली और उसके आस पास के रहने वाले हैं। मुख्यमंत्री के नाराजगी के बाद इस मामले में पूर्वी जोन की पुलिस ने कार्रवाई शुरू की। पहले दिन दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस घटना के मुख्य आरोपी चंदौली के सय्यद राजा इलाके के नारायणपुर निवासी बलवंत कुमार यादव उर्फ बबलू और दाउदपुर के मनोज यादव के खिलाफ साक्ष्य जुटा रही है। सोमवार को गाजीपुर पुलिस आवास विकास को पत्राचार कर मकान के म्यूटेशन से जुड़े दस्तावेज मंगाएगी। साथ ही चंदौली रजिस्ट्रार कार्यालय को पत्र भेजकर वसीयत और उसमें लगे दस्तावेजों का ब्योरा उपलब्ध कराने के लिए पत्र लिखेगी। इसके बाद दस्तावेजों और साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ाएगी।

# लोक गायिका नेहा राठौर ने दर्ज कराया बयान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शनिवार देर शाम पति के साथ पहुंचीं हजरतगंज थाने

**अमृत विचार:** लोक गायिका नेहा सिंह राठौर शनिवार को हजतरगंज थाने में पति के साथ बयान दर्ज कराने पहुंची। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर नेहा ने अपने एक्स अकाउंट पर अमर्यादित टिप्पणी की थी। जिस पर हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले में पुलिस ने गिरफ्तारी की तैयारी कर ली थी। इससे बचने के लिए शनिवार देर शाम थाने पहुंची।

पुलिस के मुताबिक, नेहा सिंह राठौर को बयान दर्ज कराने के लिए कई बार नोटिस भेजा गया था, लेकिन वह लगातार बीमारी का हवाला देकर टालती रहीं। हाई कोर्ट के आदेश के बावजूद पेश न होने पर पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी की तैयारी शुरू कर दी थी। इसी बीच गिरफ्तारी से बचने के लिए नेहा शनिवार देर शाम हजरतगंज थाने पहुंचीं और विवेचक के समक्ष बयान दर्ज कराया। देर शाम को सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ कि नेहा सिंह राठौर को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। हालांकि इसकी पुष्टि मध्य जोन के किसी अधिकारी ने नहीं की है। नेहा के विवादित पोस्ट के खिलाफ 27 अप्रैल को कुर्सी रोड स्थित वुडलैंड पैराडाइज निवासी अभय प्रताप सिंह ने हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।



पति के साथ नेहा सिंह राठौर।

# पैर टूटने से परेशान युवक ने दी जान

## बंथरा में अधेड़ लोडर चालक ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** वजीरगंज इलाके में पैर टूटने से परेशान नाव चालक ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, बंथरा में अधेड़ लोडर चालक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। शनिवार सुबह उसका शव कमरे में लटका मिला। आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल सका है।

राणा प्रताप मार्ग स्थित शनि देव मंदिर निवासी विशाल कश्यप (24) नाव चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। भाई शंकर ने बताया कि डेढ़ माह पूर्व मजदूरी के दौरान दूसरी मंजिल से गिरने के कारण विशाल का दाहिने पैर का पंजा टूट गया था। इस चोट के कारण वह काफी परेशान और तनाव में था। भाई शंकर ने यह भी बताया कि पिता की मौत के बाद मां अलग रहने लगी थीं। परिवार में बहन और मूकबधिर भाई हैं।

वहीं, बंथरा के खसरवारा गांव निवासी बाल गोविंद रावत (48) टेंपो डाला चालक थे। उनके बेटे लवकुश ने बताया कि शनिवार सुबह जब लवकुश पिता को जगाने गया तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। बार-बार खटखटाने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला। परिवार के लोग दरवाजा तोड़ कर अंदर पहुंचे तो बाल गोविंद का शव पंखे के सहारे मफलर से लटका देखा। टिफिन के पास शराब की एक बोतल भी रखी मिली।



विशाल



गोविंद

### खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी इलाके में अंकिता यादव की खुदकुशी के मामले में भाई ने एक युवक के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित भाई का दावा है कि आरोपी से मोबाइल पर बात करने के बाद ही उनकी बहन तनाव में आ गई थी, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। इंस्पेक्टर बीबीडी राम सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी के मोबाइल की कॉल डिटेल भी खंगाली जा रही है। लक्ष्मणपुरवा सराय शेख निवासी शिवम यादव ने बताया कि 20 अगस्त 2025 की सुबह 10 :04 बजे उनकी बहन अंकिता यादव के मोबाइल पर बाराबंकी के सतरिख शरीफाबाद निवासी लवकुश यादव की कॉल आई थी। बातचीत के कुछ देर बाद शिवम की पत्नी अंकिता को बुलाने कमरे में गई तो वह फंदे से लटकी मिली।

# जनेश्वर पार्क घूमने आई दो बहनों से छेड़छाड़, पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित पिता ने गोमतीनगर विस्तार थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** जनेश्वर मिश्र पार्क मामा-मामी के साथ घूमने आई दो बहनों से पांच युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार और युवतियों के साथ मारपीट की, जिसमें एक बहन घायल हो गई। यही नहीं, भागते समय आरोपियों ने कार पर पत्थर मारकर शीशा तोड़ दिया। शीशा आंख में लगने से दूसरी बहन भी घायल हो गई। वारदात के बाद मौके पर लोग जुटने लगे तो आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए। गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

मूल रूप से सीतापुर निवासी पीड़ित ने बताया कि उनकी दोनों बेटियां नए साल के पहले दिन मामा-मामी के साथ कार से जनेश्वर मिश्र पार्क घूमने आई थीं। शाम को पार्क के बाहर पांच युवकों ने दोनों बहनों पर अश्लील फब्तियां कसनी शुरू कर दीं। बहनों ने नजरअंदाज किया तो आरोपी छेड़छाड़ पर उतर आए। यह देख मामा ने विरोध किया तो आरोपियों ने मारपीट शुरू कर दी। हाथापाई के दौरान दोनों बहनों ने मामा को बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा। मारपीट में बड़ी बहन की आंख पर चोट आई। किसी तरह राहगीरों ने बीच-बचाव कर आरोपियों को हटाया। इसके बाद पीड़ित परिवार कार में बैठ गया। तभी आरोपियों ने पीछे से पत्थर मारकर कार का शीशा तोड़ दिया। शीशा टूटकर छोटी बेटी की आंख में जा लगा। शोर मचने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराने वाले सात गिरफ्तार, वादी निकला मास्टरमाइंड

संवाददाता, गोसाईंगंज

- कोर्ट को गुमराह कर दर्ज कराई थी एफआईआर
- गोसाईंगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई
- करोड़ों की जमीन ठगी का मामला

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज पुलिस ने जालसाजों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने करोड़ों की जमीन हड़पने के लिए फर्जी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपियों ने पुलिस के साथ कोर्ट को भी गुमराह किया था। जांच में हकीकत सामने आने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की है। इस मामले में वादी ही मास्टरमाइंड निकला।

पुलिस के अनुसार, गोसाईंगंज अमेठी कस्बा स्थित अब्बासी वार्ड निवासी कलीम खां ने थाने में जालसाजी व कूटरचना की रिपोर्ट दर्ज कराने का आवेदन किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं किया। इस पर जाली दस्तावेज लगाकर कलीम खां ने कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली। बताया कि आरोपियों ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए जमीन बेचने के नाम पर एक करोड़ 36 लाख रुपये हड़प लिए। न जमीन दी और न ही रकम लौटाई। गाली-गलौज, मोबाइल छीनने और जान से मारने की धमकी दी।

**कलीम खुद आरोपियों से मिला पाया गया :** इंस्पेक्टर गोसाईंगंज दिलेश सिंह के मुताबिक जांच में सामने आया कि कलीम खां स्वयं नामजद आरोपियों के साथ मिलकर इस पूरी कहानी रचकर एफआईआर दर्ज कराई है।अपने आप को बचाने के उद्देश्य से उसने जानबूझकर न्यायालय में झूठा प्रार्थना पत्र दिया। विवेचना में यह भी सामने आया कि इस मामले के वास्तविक पीड़ित गोमतीनगर निवासी श्याम नारायण गुप्ता हैं। इसके बाद कलीम खां को आरोपी बनाया गया। जांच में गोसाईंगंज के सेखनापुर के रामसुमिरन, नूरपुर बेहटा के अमरेंद्र सिंह उर्फ आनंद, प्रतापगढ़ के बशीर अहमद, बीबीडी के रामसुमिरन, रामनरेश और मोहम्मद आरिफ को दोषी पाया गया। वहीं, नामजद अभियुक्त लक्ष्मी प्रसाद और राहुल की भूमिका न पाए जाने पर उनका नाम मामले से निकाल दिया गया। साक्ष्यों के आधार पर एफआईआर की धाराओं में संशोधन किया गया। मामले में धोखाधड़ी, कूटरचना व आपराधिक साजिश की धारा लगाई गई। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात को छह आरोपी और शनिवार सुबह एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### क्रेडिट कार्ड हैक कर उड़ाए 2.52 लाख

**अमृत विचार, आलमबाग :** साइबर जालसाज ने एक युवक का क्रेडिट कार्ड हैक कर खाते से 2.52 लाख रुपये उड़ा लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत करने के बाद कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

कृष्णानगर के प्रेमनगर निवासी सुधीर मिश्रा ने बताया कि उनके पास स्टैंडर्ड चाटर्ड बैंक का क्रेडिट कार्ड है। उनका कहना है कि 12 अक्टूबर को जालसाज ने खाते से दो बार में 2.52 लाख रुपये पार कर दिए। रुपये कटने का मैसेज देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गयी। पीड़ित ने कस्टमर केयर में शिकायत कर कार्ड ब्लॉक कराया। फिर बैंक और साइबर सेल में शिकायत की। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने किसी को भी कार्ड संबंधी जानकारी नहीं दी थी। पीड़ित ने कृष्णानगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात हेड कांस्टेबल के घर चोरी

संवाददाता, काकोरी

- 20 लाख का माल ले उड़े चोर दुबग्गा के आम्रपाली योजना में हुई घटना, पुलिस कर रही जांच

**अमृत विचार :** दुबग्गा के आम्रपाली योजना में शुक्रवार रात मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात हेड कांस्टेबल के बंद मकान से 3.50 लाख की नकदी और 16 लाख की ज्वैलरी चोरी कर ले गये। ड्यूटी से वापस आने के बाद घटना की जानकारी हुई। पीड़ित ने बताया कि चोरी गया सामान करीब 20 लाख का है। सूचना पर पहुंची पुलिस, डॉग स्क्वॉड और फोरेंसिक टीम ने जांच की।

उन्नाव के औरास निवासी धर्मेंद्र कुमार पुलिस विभाग में मुख्य आरक्षी हैं और वह इस दौरान मुख्यमंत्री सुरक्षा में तैनात हैं। धर्मेंद्र कुमार के मुताबिक दुबग्गा के आम्रपाली योजना में किराए के मकान में पिछले एक साल से पत्नी और बच्चों के साथ रहते हैं। 31 दिसंबर को पत्नी के साथ बेटी का जन्मदिन मनाने वह माल थाना क्षेत्र स्थित ससुराल गए थे। परिवार ससुराल में ही रुक गया था। शुक्रवार की शाम को मकान में ताला डालकर ड्यूटी चले गए तभी चोर छत के रास्ते दरवाजे का ताला तोड़कर दाखिल हुए और अलमारी से पत्नी के 16 लाख के जेवरात चोरी कर लिए। जेहटा रोड पर निर्माणाधीन मकान के लिए रखे साढ़े तीन लाख रुपये की नकदी भी चोरी हो गया। शनिवार सुबह घर लौटने पर घटना की जानकारी हुई। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों को चेक किया जा रहा है।

### आर संस के खिलाफ एक और रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** आवासीय योजना के नाम पर करोड़ों का फर्जीवाड़ा करने वाली रियल एस्टेट कंपनी आर संस के खिलाफ गाजीपुर पुलिस ने एक और रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित चिनहट के सिल्वर लाइन अपार्टमेंट निवासी आशुतोष कुमार ने प्लॉट दिलाने के नाम पर 7.78 लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत ईओडब्ल्यू और डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह से की थी। इंस्पेक्टर राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आशुतोष कुमार ने बताया कि विराट खंड स्थित आर संस इंफ्रालैंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड का शाखा कार्यालय फैजाबाद रोड स्थित केशव कॉम्प्लेक्स में था। मार्च 2012 में उन्होंने आर संस के कार्यालय में संपर्क किया, जहां उनकी मुलाकात कंपनी के सीएमडी आशीष श्रीवास्तव से हुई थी।

# केजीएमयू के फरार जूनियर रेजिडेंट की संपत्ति होगी कुर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- धर्मांतरण प्रकरण में पुलिस की तीन टीमें दे रहीं दबिश

**अमृत विचार:** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में धर्मांतरण और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म और गर्भपात के आरोपी जूनियर रेजिडेंट डॉ. रमीजुद्दीन नायक की संपत्ति कुर्क की जाएगी। चौक पुलिस लखनऊ और उत्तराखंड स्थित उसकी संपत्तियों को चिह्नित कर रही है। आरोपी की तलाश में तीन टीमें लगातार दबिश दे रही हैं, जिनमें से दो टीमों ने उत्तराखंड के खटीमा में डेरा डाल रखा है। शुक्रवार को कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी किया था। इसके बाद पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया।

इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि पीड़िता का मजिस्ट्रियल बयान दर्ज कराने के बाद से आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है। वह लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा है और पुलिस उसके संपर्क में रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। अब तक जानकारी मिली कि आरोपी नेपाल की ओर भागा हो सकता है।

पुलिस ने आरोपी की लखनऊ और उत्तराखंड की संपत्तियों को कुर्क करने के लिए नोटिस चस्पा करना शुरू कर दिया है। मामले की शुरुआत जुलाई में हुई थी, जब आरोपी ने पीड़िता से दोस्ती की और शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया। सितंबर में पीड़िता गर्भवती हुई, जिसके बाद आरोपी ने गर्भपात कराया। अक्टूबर में पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया, और नवंबर में आरोपी ने धर्मांतरण का दबाव डालना शुरू किया। जब पीड़िता ने दूरी बनानी चाही, तो आरोपी ने धमकी दी कि उसकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो वायरल कर देगा।

पीड़िता की शिकायत पर चौक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। मामले में पुलिस ने उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, 2021 की धाराएं भी लगाई हैं। पुलिस फरार आरोपी की लोकेशन और उसके मददगारों की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रही है और जल्द गिरफ्तारी की कोशिश जारी है।



प्रेस वार्ता करते अधिवक्ता मिलन के पदाधिकारी। अमृत विचार

### अधिवक्ता निकालेंगे कैंडल मार्च

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू से जुड़े कथित अवैध धर्मांतरण प्रकरण में आरोपी डॉ. रमीजुद्दीन उर्फ रमीज मलिक और उसके कथित रैकेट के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को प्रेस क्लब में प्रेसवार्ता हुई। अधिवक्ता मिलन के प्रमुख मृत्युंजय प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी पैथोलॉजी विभाग में जूनियर रेजिडेंट द्वितीय था और पहले भी एक हिंदू जूनियर डॉक्टर का धर्म परिवर्तन कर फरवरी 2025 में उससे निकाह कर चुका था, जिसे उसने गोपनीय रखा। इस घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने 5 जनवरी को गोमतीनगर स्थित उच्च न्यायालय परिसर के बाहर कैंडल मार्च निकालने का ऐलान किया। साथ ही मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

केजीएमयू | धर्मांतरण और यौन शोषण मामले की जांच का दायरा बढ़ा

# दूसरी कमेटी ने भी शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तीन स्तर पर हो रही जांच, विभागों में नोटिस चस्पा कर मांगी गई गोपनीय सूचनाएं

**अमृत विचार :** केजीएमयू में महिला रेजिडेंट के साथ कथित यौन शोषण और धर्मांतरण के प्रयास के मामले की जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस प्रकरण की जांच के लिए गठित दूसरी सात सदस्यीय कमेटी ने भी अपनी स्वतंत्र जांच शुरू कर दी है। कमेटी के सदस्य अलग-अलग विभागों और शिक्षकों से बातचीत कर साक्ष्य जुटाने में लगे हुए हैं।

पूर्व पुलिस महानिदेशक भावेश कुमार सिंह सहित कमेटी के सदस्यों ने शनिवार को पैथोलॉजी विभाग के शिक्षकों से बयान दर्ज किए। कमेटी के प्रत्येक सदस्य अपने-अपने स्तर पर प्रकरण के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल कर रहा है। फिलहाल इस मामले में तीन स्तर पर जांच चल रही है। पहले स्तर पर विशाखा कमेटी महिला रेजिडेंट से जुड़े यौन शोषण के आरोपों की जांच कर रही है। दूसरे स्तर पर गठित सात सदस्यीय कमेटी धर्मांतरण के लिए दबाव डालने के आरोपों की पड़ताल कर रही है। वहीं तीसरे स्तर पर पुलिस इन दोनों मामलों की समानांतर जांच में जुटी हुई है।

### धर्मांतरण से जुड़े अन्य मामलों का पता लगा रहा प्रशासन

धर्मांतरण संबंधी अन्य संभावित मामलों का पता लगाने के लिए केजीएमयू प्रशासन ने शनिवार को प्रमुख विभागों और प्रशासनिक कार्यालयों में नोटिस चस्पा किए। इन नोटिसों के माध्यम से किसी भी व्यक्ति से धर्मांतरण प्रयास या उससे जुड़ी जानकारी, घटना या साक्ष्य साझा करने का आग्रह किया गया है। प्रवक्ता डॉ. केके सिंह ने बताया कि जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और बिना नाम बताए भी सूचना दी जा सकती है।

## सिटी ब्रीफ

### प्रकाश पर्व पर कीर्तन समागम आज से

**अमृत विचार , लखनऊ :** गुरु गोबिंद सिंह के 360वें प्रकाश पर्व पर समर्पित कीर्तन समागम 4 और 5 जनवरी 2026 को गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा मानसरोवर गुरु तेग बहादुर नगर एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड लखनऊ में श्रद्धा से मनाया जायेगा। गुरुद्वारा मानसरोवर के अध्यक्ष सरदार सम्पूर्ण सिंह बग्गा ने बताया कि 3 दिवसीय दीवान की शुरुआत 3 जनवरी को अमृत वेले से नितनेम सुखमनी साहिब जी के अखंड पाठ के साथ हुई। 4 जनवरी को शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक कीर्तन दीवान होंगे और गुरु का लंगर होगा। 5 जनवरी को अखंड पाठ का समापन होगा। आज यहां हजूरी रागी सुखजीत सिंह ने आशा दी वार के कीर्तन किए। हेड ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह ने संगत को गुरु गोबिंद सिंह के इतिहास के बारे में बताया। हजूरी रागी सुखजीत सिंह जी ने शब्द कीर्तन किया।

### 20 को विधानभवन का घेराव करेंगे कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 20 जनवरी को विधानसभा के घेराव और धरना-प्रदर्शन का ऐलान करते हुए आंदोलन को निर्णायक मोड़ देने का निर्णय लिया है। इसकी तैयारियों की समीक्षा के लिए परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी की अध्यक्षता में शनिवार को ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में लगभग 35 लाख कर्मचारी हैं, जिनमें से करीब 70 प्रतिशत कर्मचारी आंदोलन के समर्थन में हैं। वहीं 50 प्रतिशत से अधिक कर्मचारियों ने विधानसभा घेराव में शामिल होने की सहमति दे दी है। समीक्षा बैठक के बाद अध्यक्ष जेएन तिवारी और महामंत्री अरुणा शुक्ला ने प्रदेश के सभी विभागीय कर्मचारी संगठनों के अध्यक्षों और महामंत्रियों को पत्र भेजकर 20 जनवरी के कार्यक्रम में पूरी ताकत से शामिल होने की अपील की है। परिषद ने कहा कि वर्ष 2025 कर्मचारियों के लिए निराशाजनक रहा। पुरानी पेंशन बहाली, चतुर्थ श्रेणी भर्ती, नगर प्रतिकर भत्ता, रिक्त पदों पर नियुक्ति, वेतन विसंगतियां, आउटसोर्स व संविदा कर्मचारियों की समस्याएं, पेंशनर्स और परिवहन निगम के निजीकरण जैसे ज्वलंत मुद्दे उपेक्षित रहे।

# अंजुमन और कनकऊआ वाला ने उकेरी कारीगरों की कहानी


## शिल्प, सिनेमा और तहजीब का संगम बना सनतकदा फिल्म फेस्टिवल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ बायोस्कोप की ओर से शनिवार को राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह में महिंद्रा सनतकदा लखनऊ फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस महोत्सव में फिल्म अंजुमन, कनकऊआ वाला, एक ख़ास मुलाक़ात और सुस्मन का प्रदर्शन किया गया। सिनेमा उन आवाज़ों, कहानियों और हुनर को संरक्षित रखने का माध्यम है, जो हमारी रोजमर्रा की ज़िंदगी से ओझल होती जा रही हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत रिशाद रिजवी और सनतकदा फिल्म टीम की आयशा खातून, अयन बोस, अपूर्व शाह और प्रखर खरे ने फिल्म क्लैप से की। नगमा परवीन और संदली सिन्हा ने फेस्टिवल की थीम और सनतकदा के अब तक के कार्यों का परिचय दिया। नगमा परवीन ने दर्शकों से शिल्पकारों के महत्व पर बात करते हुए बताया कि इस फेस्टिवल का केंद्र बिंदु क्राफ्ट बाजार है।

फेस्टिवल में प्रदर्शित मुजफ्फर अली की वर्ष 1986 में बनी फिल्म अंजुमन लखनऊ की जाती हुई



कार्यक्रम की शुरुआत करते सनतकदा फिल्म टीम के सदस्य। अमृत विचार

तहजीब और चिकनकारी पर केंद्रित है। फिल्म में शबाना आजमी ने चिकन कारीगर की भूमिका निभाई है। अंजुमन औद्योगिक समाज में सृजनशील लोगों, खासकर महिलाओं के संघर्ष को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है।

दूसरी फिल्म कनकऊआ वाला सनतकदा ट्रस्ट द्वारा निर्मित वृत्तचित्र है, जो नवाब अली की जीवन यात्रा पर आधारित है। कला के प्रति उनकी निष्ठा ने उनकी जिंदगी को परिभाषित किया। यह फिल्म लखनऊ की समृद्ध शिल्प विरासत को सहेजने और नई पीढ़ी को उससे जोड़ने का प्रयास है।

फिल्म एक ख़ास मुलाक़ात लखनऊ के समर्पित चिकनकारी कारीगरों की अनकही कहानियों को वीडियो पोर्ट्रेट्स के माध्यम से सामने लाती है, जिसमें संघर्ष, सपनों और प्रतिबद्धता की अंतरंग झलकियां देखने को मिलती हैं।

श्याम बेनेगल निर्देशित फिल्म सुस्मन औद्योगिकीकरण के दौर में ग्रामीण बुनकरों के संघर्ष की संवेदनशील कहानी है। इसमें संत कबीर की रचनाएं शामिल हैं, जिन्हें पंडित जसराज ने अपनी आवाज़ से सजाया है।

फेस्टिवल में माधवी कुकरेजा, अस्करी नकवी, डॉ. समन हबीब, पं. अमित मुखर्जी, नूर खान, कमर रहमान, ईशान शर्मा और रिशाद रिजवी की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# लोकबंधु में बिजली गुल, सीटी स्कैन ठप

- जनरेटर बैकअप न होने से पीपीपी मॉडल की मशीन बंद, मरीजों को दूसरे अस्पताल भेजा गया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकबंधु अस्पताल में शुक्रवार को बिजली आपूर्ति बाधित होने से पीपीपी मॉडल पर संचालित सीटी स्कैन मशीन ठप हो गई। इससे भर्ती और ओपीडी में आने वाले मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जनरेटर बैकअप की व्यवस्था न होने के कारण मशीन नहीं चल सकी और मरीजों को जांच के लिए दूसरे अस्पतालों का रुख करना पड़ा।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार शुक्रवार सुबह अस्पताल के पैनल में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे पूरे अस्पताल की बिजली गुल हो गई। इसके बाद अस्पताल की अन्य सेवाएं जनरेटर के सहारे शुरू कर दी गईं, लेकिन पीपीपी मॉडल पर लगी सीटी स्कैन मशीन में जनरेटर कनेक्शन न होने के कारण जांच पूरी तरह बंद रही।

लोकबंधु अस्पताल में प्रतिदिन करीब 50 से अधिक सीटी स्कैन जांच होती हैं। मशीन बंद रहने से मरीज घंटों इंतजार करते रहे। मजबूरी में कई मरीजों ने निजी या अन्य सरकारी अस्पतालों में जाकर जांच कराई। स्थिति शनिवार सुबह बिजली व्यवस्था बहाल होने के बाद सामान्य हो सकी, तब जाकर सीटी स्कैन जांच दोबारा शुरू हुई।

**जनरेटर लगाने के निर्देश:** चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि पूरे अस्पताल की व्यवस्था जनरेटर बैकअप से चल रही थी, केवल सीटी स्कैन मशीन प्रभावित हुई। जांच के लिए आए मरीजों के नंबर दर्ज कर लिए गए थे और अब उन्हें कॉल करके जांच के लिए बुलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीपीपी मॉडल पर संचालित सीटी स्कैन मशीन में जनरेटर बैकअप लगाए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं, ताकि भविष्य में मरीजों को इस तरह की परेशानी न झेलनी पड़े।

### जल्द खुलेगी डायलिसिस यूनिट

**अमृत विचार , लखनऊ :** लोकबंधु अस्पताल में जल्द ही डायलिसिस यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। यूनिट शुरू होने से आईसीयू में भर्ती उन गंभीर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी, जिन्हें डायलिसिस की जरूरत पड़ने पर अब तक अन्य अस्पतालों में रेफर करना पड़ता था। 300 बेड की क्षमता वाले लोकबंधु अस्पताल में वर्तमान में 10 बेड का ई-आईसीयू संचालित है। यहां भर्ती कई मरीजों को इलाज के दौरान डायलिसिस की आवश्यकता होती है, लेकिन अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध न होने के कारण उन्हें हायर सेंटर भेजना पड़ता था। हायर सेंटरों में पहले से अधिक मरीज होने की वजह से कई बार इलाज में देरी की स्थिति बन जाती थी, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या के समाधान के लिए लोकबंधु अस्पताल में पांच बेड की डायलिसिस यूनिट स्थापित की जाएगी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शंकर ने बताया कि डायलिसिस के लिए पांच मशीनें सीएसआर फंड के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएंगी। मशीनों की खरीद की प्रक्रिया चल रही है और मार्च के अंत तक मशीनें अस्पताल में पहुंचने के साथ ही डायलिसिस सुविधा शुरू होने की उम्मीद है। इसके साथ ही यूनिट के सुचारु संचालन के लिए डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और तकनीशियनों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। वर्तमान में जिले में सरकारी स्तर पर डायलिसिस की सुविधा मुख्य रूप से बलरामपुर अस्पताल में ही उपलब्ध है। यहां एक यूनिट पीपीपी मॉडल पर संचालित है, जबकि अस्पताल की अपनी डायलिसिस यूनिट में 15 मशीनें कार्यरत हैं। इसके अलावा अन्य सरकारी अस्पतालों में यह सुविधा न होने के कारण मरीजों को निजी केंद्रों या केजीएमयू और लोहिया संस्थान का सहारा लेना पड़ता है।

# पौष पूर्णिमा पर उपवन घाट पर मां गोमती की भव्य आरती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नमोस्तुते मां गोमती के तत्वावधान में प्रत्येक माह आयोजित होने वाली मां गोमती की आरती के क्रम में शनिवार को पौष माह की शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर डालीगंज स्थित गोमती तट के उपवन घाट पर भव्य आरती का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राचीन शिवालय श्री मनकामेश्वर मंदिर के महंत देव्यागिरि महाराज के सान्निध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर 11 वेदियों से शंख और घंटियों की ध्वनि के बीच विधिवत मां गोमती की आरती की गई, जिससे पूरा घाट भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया।

सुबह पौष माह की ठंड के बीच मंदिर के सेवादारों और स्वयंसेवकों ने गोमती नदी की सफाई अभियान चलाया। मंदिर की प्रमुख सेवादार उपमा पांडेय के साथ अनेक महिला सेवादारों एवं स्वयंसेवकों ने आयोजन की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाई।



गोमती आरती करतीं श्री मनकामेश्वर मंदिर महंत देव्यागिरि। अमृत विचार

# झूलेलाल वाटिका में सनातन समागम और गोमती की महाआरती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सनातन महासभा की ओर से पौष पूर्णिमा पर सनातन समागम एवं 147वीं गोमती महाआरती का आयोजन शनिवार को झूलेलाल वाटिका में किया गया। मंगलाचरण, स्वस्तिवाचन, पुष्पांजलि व शंखनाद के साथ 7 भव्य मंचों से स्वामी आनंद नारायण एवं स्वामी धीरेंद्र के मार्गदर्शन में महाआरती हुई।

महाआरती में मृदंग, मंजीरा, ढोल, ताशे, शंख की ध्वनि से पूरा प्रांगण गुंजायमान रहा। महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण ने बताया कि महाआरती के पूर्व पूर्णिमा पर नये वर्ष 2026 को नशा मुक्त अभियान वर्ष बनाए जाने को लेकर सामूहिक संकल्प गणेश वंदना के साथ आगे बढ़ाने की चर्चा की गयी।

रजनी तिवारी व गिरिराज बिहारी द्वारा अवधी भजन संध्या की प्रस्तुति भी हुई। इस मौके पर शशि गुप्ता, मीरा तिवारी व गीता निगम ने भजन प्रस्तुत किये और महिलाओं व बच्चों ने सनातन संस्कृति के जानने के लिए रामायण, गीता, शरीर विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लिया।

# फुले जयंती पर शहीद स्मारक पर धरना




शहीद स्मारक पर धरना देते महिला, छात्र, युवा, लेखक व सांस्कृतिक संगठनों के सदस्य और प्रगतिशील नागरिक। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महिलाओं-बच्चियों पर बढ़ती हिंसा की तीखी आलोचना

**अमृत विचार:** सावित्रीबाई फुले की जयंती पर महिला, छात्र, युवा, लेखक व सांस्कृतिक संगठनों तथा प्रगतिशील नागरिकों ने शहीद स्मारक पर धरना दिया। धरने में महिलाओं और बच्चियों के खिलाफ हो रही बर्बर हिंसा और बलात्कार के खिलाफ रोष व्यक्त किया गया।

धरने की शुरुआत एडवा की मधु गर्ग द्वारा पढ़े गए प्रस्ताव से हुई, जिसमें सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख के शिक्षा व महिला मुक्ति के योगदान को याद करते हुए आज बलात्कारियों को मिल रहे राजनीतिक संरक्षण की निंदा की गई। महिला फेडरेशन की कांति मिश्रा ने कहा कि नफरत फैलाने वालों को संरक्षण मिलने से संविधान और लोकतंत्र कमजोर हो रहे हैं। वक्ताओं ने लव जिहाद, धार्मिक नफरत, चर्चों पर हमलों और न्यायिक प्रक्रियाओं पर सवाल उठाए। धरने में विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में शहरवासी मौजूद रहे।

# लखनऊ मंडल के ब्लड बैंकों की सुधरेगी सेहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नियमित रक्तदान शिविर लगेंगे, कमियां होंगी दूर
- डॉ. वीके शर्मा बनाए गए मंडल स्तरीय नोडल अधिकारी



**अमृत विचार:** लखनऊ मंडल के ब्लड बैंकों की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने ठोस पहल शुरू की है। मरीजों को समय पर और सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नियमित ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे और ब्लड बैंकों में मौजूद कमियों को चरणबद्ध तरीके से दूर किया जाएगा।

लखनऊ मंडल के अपर निदेशक डॉ. जीपी गुप्ता ने बताया कि मंडल स्तर पर ब्लड बैंकों के बेहतर संचालन और समन्वय के लिए राम सागर मिश्र संयुक्त चिकित्सालय, साढ़ामऊ के सीएमएस डॉ. वीके शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। डॉ. शर्मा का ब्लड बैंक प्रबंधन में लंबा अनुभव रहा है। वे इससे पहले लोहिया संस्थान में ब्लड बैंक प्रभारी रह चुके हैं और उससे पूर्व केजीएमयू स्थित स्टेट ब्लड बैंक में भी सेवाएं दे चुके हैं।

युवाओं को रक्तदान के लिए किया जाएगा प्रेरित

नोडल अधिकारी डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि वर्तमान में युवाओं की रक्तदान में भागीदारी अपेक्षाकृत कम है, जबकि सुरक्षित रक्त आपूर्ति के लिए उनका योगदान बेहद जरूरी है। इस स्थिति को बदलने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में रक्तदान शिविरों को उत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा, ताकि समाज में सकारात्मक संदेश जाए।

## सिटी डायरी




अहमद हसन की 92वीं जयंती पर राशन वितरित करते हुए।

### याद किए गए अहमद हसन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अहमद हसन वेल्फेयर ट्रस्ट की ओर से अहमद हसन की 92वीं जयंती पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर केंद्रित वेबिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर इकरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर में ठंड से परेशान जरूरतमंद गरीबों को राशन और कंबल वितरित किए गए। वेबिनार में ऐशबाग ईदगाह के इमाम मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने कहा कि अहमद हसन न्यायप्रिय पुलिस अधिकारी और आदर्श नेता थे। गरीबों के लिए उनका जीवन पूरी तरह समर्पित रहा और ऐसे इंसान बहुत कम होते हैं। इस मौके पर उनके परिजनों की ओर से मदरसों में क़ुरआन ख्वानी का आयोजन भी कराया गया। अहमद हसन : जीवन और व्यक्तित्व" विषयक वेबिनार की अध्यक्षता उनके पुराने पुलिस साथी शारिक़ अलवी ने की। ट्रस्ट के संयोजक डॉ. अब्दुल क़ुद्दूस हाशमी ने कहा कि अहमद हसन निडर, साहसी और ईमानदार जनसेवक थे। पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र नाथ ने उन्हें गरीबों का सच्चा मसीहा बताया।



तहरी भोज में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

### सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने किया तहरी और खीर का भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल के मार्गदर्शन में सेवा परमो धर्म का संदेश देते हुए नये साल की पहली पूर्णिमा (पौष माह की पूर्णिमा) पर शनिवार को लेखराज मेट्रो स्टेशन स्थित शिव शक्ति शनिदेव मंदिर परिसर में तहरी और खीर का भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों को सुंदरकांड महा अभियान, भारत वर्ष की बने पहचान के प्रति भी जागरूक किया गया। 21 दिसम्बर को सपना गोयल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष सेवा पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। इसके अंतर्गत जाड़े से बचने के लिए कंबलों का वितरण किया जा रहा है। इस क्रम में अब 4 जनवरी को गोंडा में कंबल वितरण का कार्य किया जाएगा।




क्लब की अध्यक्ष हेमा गुप्ता व वंदना श्रीवास्तव।

### छह किशोरियों को लगवाई एचपीवी वैक्सीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इनरव्हील क्लब ऑफ लखनऊ बारादरी की ओर से वजीरहसन रोड के मयंक मेडिकल सेंटर में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण शिविर लगाया गया। जिसमें छह किशोरियों को ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) वैक्सीन लगाई गई। इस मौके पर क्लब की अध्यक्ष हेमा गुप्ता और वंदना श्रीवास्तव ने मौजूद लोगों को एचपीवी के प्रति जागरूक भी किया। हेमा ने बताया एचपीवी को लेकर क्लब की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



कार्यक्रम में मौजूद पीजीआई के कर्मचारी व अधिकारी।

### सावित्रीबाई फुले जयंती मनाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के अधिकारियों और कर्मचारियों ने शनिवार को सावित्रीबाई फुले का जन्मदिवस मनाया। समारोह में संस्थान निदेशक डॉ. आर.के. धीमान, सीएमएस डॉ. देवेंद्र गुप्ता और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश हर्षवर्धन ने उनके शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए संघर्ष को याद किया। नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की अध्यक्ष लता सचान ने महिला सशक्तिकरण में उनके योगदान को सराहा।

## कार्यक्रम

**समापन समारोह में 360 वार्डेन को मिले प्रमाणपत्र**

# क्षमता निर्माण से स्वयंसेवक सुरक्षा को बनाते हैं सुदृढ़ : डीके ठाकुर




नागरिक सुरक्षा संगठन के वार्डेन क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** नागरिक सुरक्षा संगठन के वार्डेन क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में 360 वार्डेन ने प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण-पत्र प्राप्त किया। इंदिरागांधी प्रतिष्ठान में शनिवार को हुए इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिदेशक सिविल डिफेंस डीके ठाकुर मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम स्वयंसेवकों के कौशल विकास के साथ-साथ नागरिक सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक सिद्ध होते हैं। नागरिक सुरक्षा वार्डेन सेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुलिस महानिदेशक ठाकुर ने कहा कि आपदा प्रबंधन, आपातकालीन परिस्थितियों और जन-सुरक्षा के क्षेत्र में प्रशिक्षित वार्डेनों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण होती है। सभी स्वयंसेवकों को अनुशासन, सेवा-भाव के साथ सदैव तत्पर रहना चाहिए। नागरिक सुरक्षा संगठन के चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्र ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चार सत्रों में आयोजित किया गया, जिसमें प्रत्येक सत्र की अवधि सात दिन रही। प्रत्येक सत्र में 90 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रकार कुल 360 वार्डेन ने प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रमाण-पत्र प्राप्त किया।

समारोह में चीफ वार्डेन अमरनाथ मिश्र, स्टाफ ऑफिसर टू चीफ वार्डेन ऋतुराज रस्तोगी, सुनील शुक्ला, नफीस अहमद, डॉ. दिनेश माथुर, सुनील तिवारी, अरविन्द मिश्रा, माजिद अली, रामगोपाल एश्वर्य, ज्योति खरे, अय्याज सिद्दीकी, सुनील कुमार यादव, राजेन्द्र श्रीवास्तव, सुनील करन चंदानी, गुफरान, उपनियंत्रक रविन्द्र कुमार, एडीसी मनोज वर्मा, ऋषि कुमार, मुकेश, ममता रानी, रेखा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सिटी ब्रीफ

### मुस्तफिजुर को हटाने के फैसले का पूर्व मंत्री ने किया स्वागत

अमृत विचार , लखनऊ : पूर्व मंत्री और पूर्व रणजी क्रिकेटर मोहसिन रजा ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा बांग्लादेशी खिलाड़ी मुस्तफिजुर रहमान को टीम से रिलीज किए जाने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने देश की जनभावनाओं का सम्मान करते हुए यह निर्णय लिया है, जिसके लिए वह बीसीसीआई के आभारी हैं। मोहसिन रजा ने बताया कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और उत्पीड़न के मद्देनज़र यह फैसला राष्ट्रीय भावनाओं को प्राथमिकता देने वाला है। उन्होंने इसे करोड़ों भारतवासियों की भावनाओं की जीत बताया। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह निर्णय विश्व पटल पर साफ संदेश देता है कि भारत अपनी एकता, अखंडता और सनातन संस्कृति की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मोहसिन रजा ने जोर देते हुए कहा कि भारत अपने नागरिकों और सनातन धर्म को मानने वालों की सुरक्षा और सम्मान से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं करेगा।

### अवध और आलमबाग डिपो सेमीफाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपीएसआरटीसी इंटर डिपो नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट में अवध और आलमबाग डिपो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में प्रवेश किया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अवध डिपो ने चारबाग डिपो को 10 रन से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए अवध डिपो की टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 85 रन बनाए। सदाशिव ने 28 रन और दानिश उमर ने 18 रनों का अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी चारबाग डिपो की टीम निर्धारित ओवरों में तीन विकेट खोकर 75 रन ही बना सकी। टीम की ओर से विनय ने 25 रन जबकि कप्तान अमरनाथ सहाय ने 20 रन की पारी खेली, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। दूसरे क्वार्टर फाइनल में आलमबाग डिपो ने यूपीएन सुपर किंग्स को चार विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। यूपीएन सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 73 रन बनाए, जिसमें सुशील अवस्थी ने नाबाद 25 रन की पारी खेली। जवाब में आलमबाग डिपो की टीम ने छह विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। कल्याण सिंह ने 18 गेंदों में 26 रन की तेजतर्रार पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अब सेमीफाइनल मुकाबलों में दोनों टीमें खिताब की दौड़ में अपनी मजबूत दावेदारी पेश करेंगी।

### पुनर्वास विवि की अंतिम परीक्षा तिथियां जारी

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने दिसंबर 2025 सत्र की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। ये परीक्षाएं 6 जनवरी से आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के विषम सेमेस्टर के लिए अंतिम समय-सारिणी तय कर दी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमिक कुमार राय के अनुसार बीए, बीकॉम, बीएससी, बीटेक, बीबीए, बीफार्मा, बीएड, एलएलबी सहित अन्य पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं अलग-अलग तिथियों में कराई जाएंगी। अधिकतर परीक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होंगी, जबकि कुछ पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी। कुलपति पुनर्वास विवि आचार्य संजय सिंह ने बताया कि परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। छात्रों को सलाह दी है कि वे समय पर अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और परीक्षा से जुड़ी सभी दिशा-निर्देशों का पालन करें। सभी विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं, समय पर परीक्षा में शामिल हों।

### याद ए सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख का आयोजन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** एपवा, जसम और आइसा की ओर से 4 जनवरी को दोपहर 3 बजे से सिटी स्टेशन स्थित एसबीएम लाइब्रेरी में याद ए सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दो सत्रों में होगा। पहले सत्र में मंदाकिनी राय सावित्रीबाई और फातिमा शेख के संघर्ष तथा वर्तमान समय में महिला शिक्षा की हालत पर अपने विचार रखेंगी। दूसरा सत्र कवि गोष्ठी का है। इसमें विमल किशोर, हेना रिज़वी, रेनू शुक्ला, साजिदा सबा, प्रिया वर्मा, श्रद्धा बाजपेई, रोहिणी जॉन, शांतम निधि, संविधान आदि अपनी कविताएं व गजलें सुनायेंगी। कार्यक्रम का संचालन एपवा की जिला संयोजक सरोजिनी करेंगी।

# फॉल्कंस बी और टेक्ट्रो पहुंचे सेमीफाइनल में

## मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, गोलरहित रहा पहला हाफ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



फुटबॉल पर कब्जे की कोशिश करते फाल्कन्स और उत्तर प्रदेश पुलिस के खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** कैंट स्थित दिलकुशा ग्राउंड पर खेले जा रहे आठवें हेमवती नंदन बहुगुणा मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट में शनिवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले संपन्न हुए। इन मुकाबलों में फॉल्कंस फुटबॉल क्लब बी और टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब ने शानदार जीत दर्ज करते हुए सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में फॉल्कंस बी का सामना उत्तर प्रदेश पुलिस से हुआ। मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला, लेकिन पहला हाफ गोलरहित रहा। दूसरे हाफ में फॉल्कंस बी ने आक्रामक रणनीति अपनाई और खेल पर नियंत्रण बना लिया। 39वें मिनट में अभिषेक ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद 46वें और 51वें मिनट में तारिक ने लगातार दो गोल दागकर फॉल्कंस बी की बढ़त 3-0 कर दी। अंत तक स्कोर में कोई बदलाव नहीं हुआ और फॉल्कंस बी ने जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

दूसरे क्वार्टर फाइनल में टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब ने आरए ब्वॉयज के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। खेल के पांचवें मिनट में कमल ने गोल कर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। आठवें मिनट में अर्नब ने स्कोर 2-0 कर दिया। 16वें मिनट में उत्कर्ष ने शानदार मूव के बाद गोल दागते हुए टीम की बढ़त 3-0 तक पहुंचा दी। दूसरे हाफ में आरए ब्वॉयज ने वापसी की कोशिश की, लेकिन टेक्ट्रो की मजबूत रक्षापंक्ति को भेद नहीं सके।

अंततः टेक्ट्रो फुटबॉल क्लब ने 3-0 से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबलों में दोनों विजेता टीमें खिताब की ओर एक कदम और बढ़ाने उतरेंगी।

# प्रो. जेपी सैनी बने लविवि के कुलपति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार:** लखनऊ विश्वविद्यालय के नए कुलपति प्रोफेसर जय प्रकाश सैनी होंगे। प्रोफेसर सैनी वर्तमान में गोरखपुर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति हैं। उनकी नियुक्ति की घोषणा कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल द्वारा करते ही नए कुलपति को लेकर कयासों पर विराम लग गया। वह कार्यभार ग्रहण करने से लेकर अगले तीन वर्षों तक लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति का दायित्व निर्वहन करेंगे।

कुलाधिपति राजपाल आनंदी बेन पटेल के आदेश में लिखा है कि उत्तर प्रदेश राज्य विश्विविद्यालय अधिनियम, 1973 की धारा-12 की उपधारा-1 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रो.जय प्रकाश सैनी कुलपति, मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय गोरखपुर को कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया है।

प्रो.जेपी सैनी मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) गोरखपुर के कुलपति बनने से पहले नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी नई दिल्ली के कुलपति रह चुके हैं। मूलतः उत्तर प्रदेश के झांसी के रहने वाले प्रो.जेपी सैनी इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग से एमटेक और पीएचडी हैं।

## ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**अमृत विचार , काकोरी :** काकोरी क्षेत्र के ग्राम दोना में आयोजित ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ उत्साहपूर्ण और गरिमामय वातावरण में हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश मंत्री शिवेन्द्र विक्रम शाही ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय भाजपा कार्यकर्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान भी उपस्थित रहे।

उद्घाटन के बाद मैदान में मौजूद खिलाड़ियों, आयोजकों और दर्शकों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाया, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति की भावना से गूंज उठा। इसके पश्चात प्रदेश मंत्री शिवेन्द्र विक्रम शाही ने स्वयं मैदान में उतरकर प्रतीकात्मक शॉट खेलते हुए टूर्नामेंट की औपचारिक शुरुआत की। उनके इस कदम से खिलाड़ियों और दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिला।

प्रदेश मंत्री ने सभी टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और खेल भावना, अनुशासन व भाईचारे के साथ खेलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि खे युवाओं को स्वस्थ रखता है।

# विशिष्ट योगदान देने वाले कैडेट्स सम्मानित

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



कैंप में आयोजित कार्यक्रम में नृत्य प्रस्तुत करतीं कैडेट्स। अमृत विचार

- एनसीसी कैंप का ग्रुप कमांडर ने किया निरीक्षण
- सांस्कृतिक कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा समां

**अमृत विचार :** एनसीसी के उत्तर प्रदेश ग्रुप के प्रमुख ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर पुनीत श्रीवास्तव ने शनिवार को गोसाईंगज के लाला महादेव महाविद्यालय में आयोजित सीएटीसी -230 कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने कैडेट्स द्वारा उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रदर्शन की अत्यंत सराहना एवं उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर ब्रिगेडियर अतुल कुमार सेना मेडल, श्रीमती रीना कुमार प्रतिष्ठित शिक्षाविद् सृजनात्मक पेशेवर का भी व्याख्यान हुआ, जिसमें उन्होंने कैडेट्स के अनुशासन एवं सृजनात्मक व्यक्तित्व को प्रोत्साहित करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।साथ ही साथ कैंप में अपना विशिष्ट योगदान देने वाले कैडेट्स को मेडल दे कर सम्मानित भी किया, जिसमें पाकी भारद्वाज, आस्था राय, सुहानी आदि शामिल रहे। शाम को सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर महाविद्यालय के प्रबंधक अमरीश कुमार वर्मा ने रंगारंग कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिसमें पंजाबी, राजस्थानी, पहाड़ी नृत्य, संस्कृत श्लोक एवं गायन आदि विभिन्न प्रस्तुतियां शामिल हैं। सैनिकों के ऊपर नाटिका प्रस्तुत की गई, जिससे सभी का हृदय देश प्रेम की भावना से परिपूर्ण हो गया। अंबिका प्रसाद वर्मा जी की मंच प्रस्तुति ने मंच पर चार चांद लगा दिए। रंगारंग कार्यक्रम के बाद सभी कैडेट्स को उनके कैंप के सर्टिफिकेट वितरत कर कैंप की क्लोजिंग सेरेमनी की गई। लगभग 470 कैडेट्स ने 9 दिनों के कठिन प्रशिक्षण के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम में डिप्टी कैंप कमांडेंट कविता रामपुत्रा, लेफ्टिनेंट प्रतिमा शर्मा, लेफ्टिनेंट स्तुति बाजपेई, फर्स्ट ऑफिसर स्वामी यादव, अभिलाषा सिंह गंगवार, जीसीआई शालिनी यादव एवं सीटीओ शिवानी, विनीता तथा लगभग 20 पीआई स्टाफ, सिविल स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया हजरत अली का जन्मदिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मौला-ए-कायनात हजरत अली के जन्मदिन की खुशी में शनिवार को 13 रजब का त्यौहार श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर पुराने लखनऊ में महफिलों का आयोजन किया गया।

इस मौके पर लोगों ने घरों, इमामबाड़ों, कर्बलाओं व दरगाहों में बिजली की झालरों से सजावट की। इस मौके पर मिठाईयों और खीर पर नज्र दी गई। छोटे इमामबाड़े के पास सुबह से शाम तक हजरत अली के जन्मदिन के उपलक्ष्य में लंगर का आयोजन किया गया।

**शिया यतीमखाने में यौम-ए-अली का आयोजन :** हजरत अली के जन्मदिन के मौके पर इदारा-ए-वारिसे काबा ने शिया यतीमखाना काजमैन रोड में यौमे अली का आयोजन किया। राष्ट्रीय एकता पर आधारित अखिल भारतीय महफिले मकासिदा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना अम्मार काजिम जरवली ने की।

धर्मगुरुओं के संबोधन के बाद महफिल में शायरों ने मौला अली की शान में अपने कलाम पेश किये। जिसे सुनकर लोगों ने खूब दाद दी। इस अवसर पर आतिशबाजी का प्रदर्शन भी किया गया।

इमामे जमाना हाल दरगाह वज़ीरबाग में हुई महफिल को मौलाना बाकर मशहदी ने खिताब किया। इसके बाद शायरों ने हजरत अली की शान में कसीदे पढ़े। जिसके बाद जुलूस-ए-मौलूदे काबा निकला। जश्न का आयोजन विलायत फाउंडेशन ने किया था।

इमामबाड़ा कसरे हुसैनी में महफिल को मौलाना कल्बे जवाद और मौलाना हसनैन बाकरी ने खिताब किया। इसके बाद शायरों ने कलाम पेश किये। मस्जिद तहसीन अली खां चौक में मौलाना यासूब अब्बास ने महफिल को खिताब किया।

# कागजों पर अलाव जलवा रहे अधिकारी



अलाव जलवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते फैजुल्लागंज निवासी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** कड़ाके की ठंड में नगर निगम के अधिकारी सिर्फ कागजों पर अलाव जलवा रहे हैं। फैजुल्लागंज के चारों वार्डों में किसी भी प्रमुख स्थान पर अलाव नहीं जलवाए जा रहे हैं। लोगों की मांग पर सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी क्षेत्र में अलाव की व्यवस्था जांचने निकलीं तो किसी भी प्रमुख स्थान पर अलाव जलता हुआ नहीं मिला। उन्होंने दर्जनों लोगों के साथ मौर्य मार्केट भूइहारे बाबा मंदिर, जुड़वा मंदिर टाइल्स फैक्ट्री, फैजुल्लागंज पुलिस चौकी, शिवलोक पुलिस चौकी केशव नगर पुलिस चौकी, अन्ना मार्केट, फैजुल्लागंज पावर हाउस, गायत्री नगर रामलीला मैदान आदि प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया।

ममता त्रिपाठी ने कहा कि नगर निगम के अधिकारी कागजों पर अलाव जलवा रहे हैं और लकड़ियां बेच रहे हैं। निरीक्षण के दौरान उनके साथ मीडिया अनुभाग के प्रभारी अखिलेश अवस्थी, ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष राम विलास शर्मा, कार्यकारिणी सचिव सूरज कश्यप आदि मौजूद रहे।

## क्रासकंट्री चैंपियनशिप के लिए लखनऊ टीम हुई रवाना

**अमृत विचार , लखनऊः** रविवार को झांसी में होने वाली राज्य क्रासकंट्री चैंपियनशिप के लिए लखनऊ टीम शनिवार को रवाना हो गई। लखनऊ एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव बीआर वरुण ने बताया कि यह 13 सदस्यीय टीम चैंपियनशिप के विभिन्न वर्गों में पदकों के लिए दम दिखाएगी और बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य लेकर उतरेगी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित ट्रायल के आधार पर लखनऊ क्रॉसकंट्री टीम का चयन किया गया। टीम में अनीमा जोरा, मोनिका होरो, प्रतिज्ञा पन्ना, शीलू यादव, डिप्पल सिंह, सचिन, सत्यम, आशा पाल, ललिता देवी, दिव्यांश सिंह, शुभम यादव, साहिबा खान और रूबी देवी को शामिल किया गया है।

## सिटी डायरी

### महाकाल मंदिर में यज्ञ के प्रथम दिन निकली भव्य ध्वजा यात्रा



ध्वजा यात्रा में शामिल लोग।

**अमृत विचार , लखनऊ :** राजेन्द्र नगर स्थित श्री महाकाल मंदिर में आयोजित यज्ञ के प्रथम दिन श्रद्धा और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा महाकाल की भव्य ध्वजा यात्रा से हुई। इस यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग में हर हर महादेव के जयकारों से वातावरण शिवमय हो गया। भक्त हाथों में ध्वजा लेकर चल रहे थे और शिव भक्ति के रस में लीन होकर नृत्य करते नजर आए। ध्वजा यात्रा के उपरांत विधि-विधान से वेदी पूजन किया गया। इसके बाद अरणी मंथन द्वारा यज्ञ की पवित्र अग्नि प्रज्ज्वलित की गई, जिससे यज्ञ की शुरुआत हुई। मंत्रोच्चार और वैदिक विधियों के साथ यज्ञ हुआ, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक बन गया। शाम 6 बजे मंदिर परिसर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।



बैठक में मौजूद हिंद मजदूर महासभा के कार्यकर्ता।

### श्रम कानूनों के बदलावों पर जागरूकता अभियान चलाएगी हिंद मजदूर सभा

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत सरकार की ओर से 29 श्रम कानूनों को समाप्त कर चार श्रम संहिताएं लागू किए जाने के बाद मजदूरों पर पड़ने वाले प्रभावों और बदली परिस्थितियों में मजदूर आंदोलन के सामने उत्पन्न चुनौतियों पर विचार के लिए हिंद मजदूर सभा उत्तर प्रदेश की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। बैठक प्रदेश कार्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष राजा राम यादव की अध्यक्षता में हुई। विचार-विमर्श के दौरान यह निर्णय लिया गया कि हिंद मजदूर सभा जिले-जिले और उद्योग स्तर पर श्रम कानूनों में हुए बदलावों को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाएगी।



चेयरमैन कमर हुसैन खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए।

### ईगल फाइटर्स, अवध वॉरियर्स और राइजिंग फोनिक्स ने दर्ज की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** कारपोरेट क्रिकेट सीरीज सीजन-1 के शनिवार को खेले गए मुकाबलों में ईगल फाइटर्स, अवध वॉरियर्स और राइजिंग फोनिक्स ने अपने-अपने मैच जीतकर पूरे अंक हासिल किए। दिन के पहले मुकाबले में ईगल फाइटर्स ने कॉन्सेप्ट एडवाइजर को आठ विकेट से पराजित किया। कॉन्सेप्ट एडवाइजर की ओर से दिए गए 134 रन के लक्ष्य को ईगल फाइटर्स ने 12 .4 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर हासिल किया। टीम की जीत में जमाल काजिम ने नाबाद 48 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।



भजन कीर्तन में मौजूद भारी संख्या में लोग।

### 5 हजार लोगों ने एक साथ किया भजन-कीर्तन

**अमृत विचार,, लखनऊ :** बक्शी का तालाब स्थित एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने नववर्ष 2026 का स्वागत 5 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के सामूहिक भजन-कीर्तन और दिव्य स्वरों के साथ किया। यह आयोजन एसआरजीआई ने जलोटा अकादमी ऑफ स्पिरिचुअल म्यूज़िक एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स एवं डिजी मॉन्क के सहयोग से आयोजित किया। देवा श्री गणेश देवा... सहित अनेक भक्तिगीतों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

योजना | राजधानी में हरियाली की सुरक्षा को मिला नया कवच

# लोहे की जगह प्लास्टिक ट्री गार्ड लगाएगा वन विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कुछ इस तरह दिखेगा प्लास्टिक टी गार्ड। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सड़कों के किनारे लगे पौधों की सुरक्षा को लेकर वन विभाग ने एक बड़ा कदम उठाया है। अब तक पौधों को बचाने के लिए इस्तेमाल होने वाले भारी लोहे के ट्री गार्ड की जगह प्लास्टिक के हल्के, टिकाऊ और किफायती ट्री गार्ड लगाए जाएंगे। इस बदलाव से चोरी और जंग जैसी वर्षों पुरानी समस्याओं से निजात मिलेगी। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, अब तक लोहे के ट्री गार्ड का इस्तेमाल किया जाता था, लेकिन उनकी दो बड़ी कमियां थीं। पहली, लोहे की कीमत अधिक होने के कारण इनके चोरी होने का खतरा हमेशा बना रहता था, जिससे विभाग को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। दूसरी, बारिश और नमी के कारण एक से डेढ़ साल में ही लोहे के ट्री गार्ड में जंग लग जाती थी और वे टूटने लगते थे, जिससे पौधों की सुरक्षा प्रभावित होती थी। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने पहली बार प्लास्टिक ट्री गार्ड लगाने का फैसला किया है। इससे पहले गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे राज्यों में प्लास्टिक ट्री गार्ड का सफल प्रयोग किया जा चुका है। वहां से मिले सकारात्मक अनुभवों के आधार पर अब उत्तर प्रदेश में इसकी शुरुआत की जा रही है।

**रात में भी दिखेगा, दुर्घटनाओं में आएगी कमी:** प्लास्टिक ट्री गार्ड का रंग हल्का हरा (लाइट ग्रीन) रखा गया है, जो रात के अंधेरे में हल्का रिफ्लेक्शन देगा। इससे सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों और राहगीरों को डिवाइडर और पौधे साफ दिखाई देंगे, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी।

> अवधवन प्रभाग, लखनऊ रेंज के डीएफओ सितांशु पांडेय ने बताया कि इस पायलट प्रोजेक्ट की सफलता के बाद इसे पूरे जिले और राज्य के अन्य हिस्सों में भी विस्तार दिया जाएगा। प्लास्टिक ट्री गार्ड न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं, बल्कि शहरी सौंदर्यीकरण में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

**2500 स्थानों पर लगेगा प्लास्टिक ट्री गार्ड:** शुरुआती चरण में लखनऊ में 2500 स्थानों पर इन ट्री गार्ड को लगाया जाएगा। यह एक पायलट प्रोजेक्ट होगा, जिसके तहत पहले शहर के बाहरी इलाकों में इन्हें स्थापित किया जाएगा। इसके बाद मुख्य सड़कों के डिवाइडर पर लगे लगभग ढाई हजार पौधों को प्लास्टिक ट्री गार्ड से सुरक्षित किया जाएगा।